रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD NO D.L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 263] नई दिल्ली, बुधवार, दिसम्बर 5, 2012/अग्रहायण 14, 1934
No. 263] NEW DELHI, WEDNESDAY, DECEMBER 5, 2012/AGRAHAYANA 14, 1934

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 दिसम्बर, 2012

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् [व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम, सामुदायिक महाविद्यालय पाठ्यक्रम (ओं) तथा राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा अहर्ता ढांचे के अंतर्गत कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) के संचालन हेतु अनुमोदन की मंजूरी] विनियम, 2012

एफ. सं. 37 3/विधिक/अभातशिप/2012.—अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् अधिनियम, 1987 (1987 का 52) की धारा 10 के साथ पठित धारा 23 की उप--धारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् निम्नलिखित विनियम बनाती है :–

1. **संक्षिप्त नाम, प्रयोज्यता और प्रारंभ :**

1.1 इन विनियमों को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् **(व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम, सामुदायिक महाविद्यालय पाठ्यक्रम (ओं) तथा राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा अहर्ता ढांचे के अंतर्गत कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) के संचालन हेतु अनुमोदन की मंजूरी)** विनियम, 2012 कहा जाएगा।

1.2 ये अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा पहले से अनुमोदित संस्थाओं और/अथवा व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम, सामुदायिक महाविद्यालय पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् का अनुमोदन प्राप्त करने वाली संस्थाओं तथा परिषद् द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किये अनुसार राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा अहर्ता ढांचे के अंतर्गत कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) के तौर पर कार्य करने वाली संस्थाओं पर लागू होंगे।

1.3 ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं :**

इन विनियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

2.1 "शैक्षणिक वर्ष" से अभिप्रेत है संबंधित संबद्धक विश्वविद्यालय और/अथवा तकनीकी बोर्ड और/अथवा तकनीकी संस्था का शैक्षणिक वर्ष।

2.2 "अधिनियम" से अभिप्रेत है अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् अधिनियम, 1987 (1987 का 52)।

2.3 "अभातशिप के वेब–पोर्टल" से अभिप्रेत है यूआरएल www.aicte-india.org पर परिषद् द्वारा होस्ट की गई वेबसाइट।

2.4 "आवेदक" से अभिप्रेत है ऐसा आवेदक जो इन विनियमों के अंतर्गत किसी भी प्रकार का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए परिषद् को आवेदन करता है।

2.5 "अनुमोदित संस्था" से अभिप्रेत है परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था।

2.6 "तकनीकी शिक्षा बोर्ड" से अभिप्रेत है पॉलिटेक्निक संस्थानों को संबद्धता प्रदान करने हेतु संबंधित राज्य सरकार और/अथवा संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा स्थापित तकनीकी शिक्षा बोर्ड ।

2.7 "केन्द्रीय सांविधिक निकाय" से अभिप्रेत भारत में उच्चतर शिक्षा के विनियमन हेतु संसद के अधिनियम द्वारा सृजित एवं स्थापित सांविधिक निकायों से है।

2.8 "अध्यक्ष" से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 3 की उप–धारा (4)(क) के अंतर्गत यथावर्णित परिषद् का अध्यक्ष।

2.9 "सामुदायिक महाविद्यालय" से अभिप्रेत राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा अहर्ता ढांचा योजना के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा का संचालन करने वाली तथा तकनीकी शिक्षा संचालित करने हेतु परिषद द्वारा विधिवत अनुमोदित डिप्लोमा शिक्षा प्रदान करने वाली संस्था और/अथवा केन्द्रीय सांविधिक निकाय द्वारा मान्यता प्राप्त महाविद्यालय और/अथवा विश्वविद्यालय अथवा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त संस्था (जैसा भी मामला हो) से है।

2.10 "सामुदायिक महाविद्यालय पाठ्यक्रम" से अभिप्रेत है राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा अहर्ता ढांचा योजना के अंतर्गत विशिष्ट क्षेत्र में विशेषज्ञता ।

2.11 "व्यावसायिक पाठ्यक्रम" से अभिप्रेत राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा अहर्ता ढांचा योजना के अंतर्गत विशिष्ट क्षेत्र में विशेषज्ञता से है।

2.12 "कम्पनी" से अभिप्रेत, कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अधीन स्थापित की गयी कम्पनी से है।

2.13 "दाखिले के लिए सक्षम प्राधिकारी" से अभिप्रेत है ऐसा निकाय, जो संबंधित

2.14 "परिषद" से अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत स्थापित अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद अभिप्रेत है।

2.15 "पाठ्यक्रम" से अभिप्रेत है विषयक्षेत्र आधारित विशिष्ट विशेषज्ञताओं वाले क्षेत्रों में व्यावसायिक शिक्षा अधिगम (लर्निंग) कार्यक्रम ।

2.16 "प्रभाग" से अभिप्रेत है ;
पचास सीटों का बैच, जिसमें अतिरिक्त सीटें, यदि कोई हों, शामिल नहीं हैं;

2.17 "ई–बैंकिंग" से अभिप्रेत है इंटरनेट बैंकिंग।

2.18 "ई–रसीद" से अभिप्रेत है परिषद् के वेब–पोर्टल पर इंटरनेट बैंकिंग का प्रयोग करते हुए किए गए भुगतान की प्राप्त हुई भुगतान–रसीद।

2.19 "कार्यकारिणी समिति" से अभिप्रेत है परिषद् द्वारा अभातशिप अधिनियम की धारा 12 के अधीन गठित समिति।

2.20 "विदेशी राष्ट्रिक" से अभिप्रेत है भारत के अतिरिक्त सभी देशों के नागरिक, जो भारतीय मूल के नहीं हैं, जैसाकि पीआईओ के अधीन परिभाषित है।

2.21 "सरकार द्वारा सहायता प्राप्त संस्था" से अभिप्रेत है ऐसी तकनीकी संस्था, जो अपने आवर्ती व्यय के 50 प्रतिशत अथवा अधिक भाग की पूर्ति सरकार अथवा सरकारी संगठनों से प्राप्त अनुदान से करती है।

2.22 "सरकारी संस्था" से अभिप्रेत है सरकार द्वारा स्थापित और/अथवा अनुरक्षित तकनीकी संस्था।

2.23 "संस्था का प्रमुख" से अभिप्रेत है किसी विश्वविद्यालय अथवा मानित विश्वविद्यालय संस्था के मामले में कुलपति/निदेशक; अन्य संस्थाओं के मामले में प्राचार्य, निदेशक अथवा संस्था के कार्यकारी संस्था प्रमुख के रूप में कोई अन्य पदधारी।

2.24 "संस्था" से अभिप्रेत है तकनीकी शिक्षा कार्यक्रम संचालित करने हेतु परिषद द्वारा विधिवत अनुमोदित संस्था और/अथवा केन्द्रीय सांविधिक निकाय द्वारा मान्यता प्राप्त महाविद्यालय और/अथवा विश्वविद्यालय अथवा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त संस्था (जैसा भी मामला हो)।

2.25 "स्तर (लेवल)" से अभिप्रेत है मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शासकीय आदेश संख्या 1–4/2011–वी.ई. दिनांक 03.09.2012 में अधिसूचित राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा अर्हता ढांचे (एन.वी.ई.क्यू.एफ.) की संरचना में संदर्भित अनुसार वर्षभर की लगभग 1000 घंटों की व्यावसायिक शिक्षा ।

2.26 "राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा अर्हता ढांचे" से अभिप्रेत है मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शासकीय आदेश संख्या 1–4/2011–वी.ई. दिनांक 03.09.2012 द्वारा अधिसूचित व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम ढांचा ।

IndiaCode

2.27 "व्यावसायिक शिक्षा" से अभिप्रेत हैं राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा अहर्ता ढांचा योजना के अंतर्गत सामान्य शिक्षा के साथ–साथ एक निर्धारित स्तर के निर्धारित विशिष्टताओं वाले व्यावसायिक पाठ्यक्रम।

2.28 "अनिवासी भारतीय (एनआरआई)" से अभिप्रेत है ऐसा भारतीय नागरिक, जो सामान्यतया भारत से बाहर रहता है और भारतीय पासपोर्ट धारण करता है।

2.29 "भारतीय मूल के व्यक्ति (पीआईओ)" से अभिप्रेत हैं ऐसे व्यक्ति, जो अन्य देशों के नागरिक हैं (पाकिस्तान एवं बंगलादेश को छोड़कर), जिन्होंने किसी भी समय भारतीय पासपोर्ट धारण किया है, अथवा जो, या उनके माता–पिता अथवा उनके दादा–दादी, नाना–नानी में से कोई भारत के संविधान के उपबंधों अथवा नागरिकता अधिनियम, (1955 का 57) की धारा 2(ख) के उपबंधों के परिणामस्वरूप भारत के नागरिक थे।

2.30 "निजी स्व–वित्तपोषित संस्था" से अभिप्रेत है किसी सोसाइटी/न्यास/कंपनी द्वारा शुरू की गई कोई संस्था, जो अपने आवर्ती व्यय की पूर्ति के लिए केन्द्रीय और/अथवा राज्य सरकार और/अथवा संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन से अनुदान/निधि प्राप्त नहीं करती है।

2.31 "क्षेत्रीय समिति" से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 14 के अंतर्गत स्थापित क्षेत्रीय समिति।

2.32 "कौशल ज्ञान प्रदाता" से अभिप्रेत है सक्षमता प्राप्त ज्ञान प्रदाता जो राष्ट्रीय व्यावसायिक अहर्ता ढांचे के अंतर्गत व्यावसायिक विषयवस्तु का कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

2.33 "सोसाइटी" से अभिप्रेत है सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत सोसाइटी।

2.34 "न्यास" से अभिप्रेत है परोपकारी न्यास अधिनियम, 1950 अथवा कोई अन्य प्रासंगिक अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत न्यास।

3. कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) के प्रवर्त्तक

3.1 कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) निम्नलिखित द्वारा प्रचालित तथा प्रशासित किया जाएगा :

क) सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत कोई सोसाइटी।
ख) परोपकारी न्यास अधिनियम 1950 अथवा किसी अन्य प्रासंगिक अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत कोई न्यास।
ग) कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अधीन निगमित कम्पनी।
घ) संबंधित राज्य अथवा संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन के प्रासंगिक विधान के अंतर्गत फर्मों के पंचीयक के पास विधिवत पंजीकृत साझेदार फर्म।
ड़) इन विनियमों के खंड 2.24 के अंतर्गत परिभाषित संस्था।

IndiaCode

4. संस्थाओं/कौशल ज्ञान प्रदाताओं (एस.के.पी.) के लिए अनुमोदन की मंजूरी

4.1 सभी संस्थाओं और कौशल ज्ञान प्रदाताओं (एस.के.पी.) को निम्नलिखित के लिए परिषद् का पूर्व अनुमोदन लेना अपेक्षित होगा:–

क) व्यावसायिक शिक्षा (वी.ई.) कार्यक्रम संचालित करने हेतु ;
ख) विद्यमान अभातशिप अनुमोदित पॉलिटैक्निकों में सामुदायिक महाविद्यालय पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु ;
ग) केन्द्रीय सांविधिक बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त और/अथवा विश्वविद्यालय अथवा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालय में सामुदायिक महाविद्यालय पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु ;
घ) विद्यमान किसी संगठन अथवा इसके सेवा केन्द्र/प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) की तरह अपेक्षित कौशल के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन हेतु।

4.2 संस्थाओं तथा कौशल ज्ञान प्रदाताओं (एस.के.पी.) के आवेदनों के प्रक्रमण के लिए समय-समय पर अनुमोदन की शर्तों तथा प्रक्रिया के विवरण के संबंध में परिषद् अनुमोदन प्रक्रिया–पुस्तिका प्रकाशित करेगी।

4.3 इन विनियमों के खण्ड 4.1 (क), (ख) तथा (ग) के अंतर्गत सूचीबद्ध प्रयोजनों के लिए अनुमोदन हेतु आवेदन निम्नलिखित द्वारा किया जाएगा :

क) आवेदक संस्था का प्राचार्य/निदेशक/प्रमुख।

4.4 इन विनियमों के खंड 4.1 (घ) के अंतर्गत सूचीबद्ध प्रयोजनों के लिए अनुमोदन हेतु आवेदन निम्नलिखित द्वारा किया जाएगा :–

क) सोसायटी/न्यास के मामले में अध्यक्ष अथवा सचिव ;
ख) कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अंतर्गत स्थापित कंपनी के मामले में प्रबंध निदेशक अथवा अन्य प्राधिकृत अधिकारी ;
ग) साझेदारी फर्म के मामले में प्राधिकृत साझेदार।

4.5 आवेदन का प्रपत्र तथा आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज तथा प्रेषित किया जाने वाला शुल्क, वह रीति जिसके द्वारा आवेदनों का प्रक्रमण किया जाएगा, मानकों और सन्नियमों, अपेक्षाओं तथा अनुमोदन प्रदान करने के लिए पद्धति को परिषद द्वारा समय--समय पर अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका में निर्दिष्ट किया जाएगा।

4.6 आवेदक को 4.1 में सूचीबद्ध प्रयोजनों के लिए आवेदन तथा निर्धारित किए गए शुल्क का भुगतान अभातशिप के वेब–पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अथवा परिषद् द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किसी अन्य तंत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

2495 GI/12-2

4.7 अभातशिप के वेबपोर्टल पर आनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने पर, प्रणाली आवेदन के अनुसार एक ट्रैकिंग संख्या प्रदान करेगी, जिसका उपयोग आवेदक द्वारा आगे उल्लेखन करने और संबंधित आवेदन की स्थिति का ऑनलाईन पता लगाने/जांच करने के लिए किया जा सकेगा।

4.8 वेब–पोर्टल पर दिए गए प्रपत्र में, 100/–रू0 के गैर–न्यायिक स्टांप पेपर पर प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट अथवा नोटरी अथवा शपथ आयुक्त के समक्ष विधिवत रूप से शपथ ग्रहण किया गया यह शपथ–पत्र, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ यह कहा गया हो कि आवेदन में दी गई जानकारी सत्य है और यह कि यदि किसी भी अवस्था में यह पाया जाता है कि जानकारी अथवा जानकारी के किसी भाग को छिपाया गया है और/अथवा उसका गलत निर्वचन किया गया है और/अथवा आवेदन में दी गई जानकारी असत्य है, तो परिषद् कोई भी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगी, जिसमें अनुमोदन का वापस लिया जाना और/अथवा ऐसी अन्य विधिक कार्रवाई, जो यह उपयुक्त समझे, करना शामिल है।

4.9 (क) **परिषद् द्वारा पहले से अनुमोदित सभी संस्थाएं तथा इन विनियमों के अंतर्गत अनुमोदन के लिए आवेदन करने वाली संस्थाएं :–**

जब तक आवेदक अपना आवेदन वैबपोर्टल पर अंतिम रूप से जमा नहीं कर देता, तब तक वह, संस्थान के लॉगइन के माध्यम से उपलब्ध कमियों/स्थिति रिपोर्ट के आधार पर ऑनलाईन आवश्यक सुधार कर सकता है।

यदि कोई कमी नहीं पाई जाती है तो अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका के अध्याय I तथा अध्याय II के खंड–6 के अनुसार प्रणाली द्वारा आवेदित की गई प्रवेश क्षमता का आबंटन किया जाएगा।

सभी संस्थाओं/पालिटैक्निकों की समेकित सूची उनकी अनुमोदित प्रवेश क्षमता सहित कार्यकारिणी समिति के समक्ष अनुमोदन अथवा अन्य हेतु प्रस्तुत की जाएगी। इसे वेबपोर्टल पर भी अधिसूचित किया जाएगा। इसके पश्चात् संस्थान/पॉलिटैक्निक अपने लॉगइन के माध्यम से अनुमोदित प्रवेश क्षमता सहित अपने अनुमोदन पत्र मुद्रित कर सकते हैं।

इस प्रक्रिया हेतु अपील की अनुमति नहीं दी जाएगी, क्योंकि आवेदक को आवेदन जमा करने से पहले ऑनलाईन पर दी गई कमी/स्थिति रिपोर्ट सहित आवेदन फार्म में सुधार करने के विभिन्न अवसर प्रदान किये जा चुके हैं।

4.9(ख) उपरोक्त 4.9 (क) के अतिरिक्त सभी आवेदक, जब तक अपना आवेदन वेबपोर्टल पर अंतिम रूप से जमा नहीं कर देते, तब तक वे अपने संस्थान के लॉगइन के माध्यम से उपलब्ध कमियों/स्थिति रिपोर्ट के आधार पर ऑनलाईन आवश्यक सुधार कर सकते हैं। परिषद् के वेबपोर्टल ऑनलाईन प्रस्तुत किये गये सभी आवेदनों का मूल्यांकन, अभातशिप के वेब–पोर्टल द्वारा उपलब्ध कराई गई स्वचालित चयन प्रक्रिया का प्रयोग करते हुए चयनित किये गये सदस्यों के माध्यम से क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा गठित एक संवीक्षा समिति द्वारा किया जाएगा।

4.10 संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी अथवा परिषद् का कोई अन्य अधिकारी संबंधित समितियों की सहायता करेगा तथा संबंधित समितियों के समक्ष प्रासंगिक अभिलेख और दस्तावेज रखेगा तथा बैठकों के आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्था करेगा; तथापि, वह समितियों का भाग नहीं होगा।

4.11 संवीक्षा समिति, उन आवेदकों को, जिन्होंने 4.9 (ख) के अंतर्गत अपने आवेदन प्रस्तुत किए हैं, स्कैन किए गए सभी दस्तावेजों की मूल–प्रतियों तथा संस्थाओं और/अथवा कौशल ज्ञान प्रदाताओं (एस.के.पी.) द्वारा सृजित सभी सुविधाओं की वीडियो सीडी के साथ (यथा प्रकरण), प्रस्तावों के प्रस्तुतीकरण के लिए आमंत्रित करेगी।

4.12 संवीक्षा समिति की सिफारिशों के आधार पर, संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी आवेदकों को समय–अनुसूची में यथावर्णित तारीख तक कमियाँ, यदि कोई हैं, की सूचना देगा। कमियों की सूची जानकारी के लिए अभातशिप के वेब-पोर्टल पर दर्शाई जाएगी।

4.13 विशेषज्ञ समिति उन संस्थाओं/कौशल ज्ञान प्रदाताओं (एस.के.पी.) का निरीक्षण करेगी, जिनके आवेदन इन विनियमों के खंड 4.9 (ख) के संबंध में प्राप्त हुए हैं, जो कि अनुमोदन की मंजूरी हेतु आगे प्रक्रमण के लिये संवीक्षा समिति द्वारा अनुशंसित किये गये हैं।

4.14 संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी आवेदकों को, जिनके प्रस्तावों पर खंड 4.9 (ख) में दर्शाए गए अनुमोदन के लिए क्षेत्रीय समिति द्वारा अनुमोदन की मंजूरी के लिए सिफारिश कर दी गई है, अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुरूप वेब–पोर्टल पर दिए गए प्रपत्र के अनुसार एक शपथ–पत्र के साथ अपेक्षित राशि सदस्य सचिव, अभातशिप के नाम पर जमा करने का अनुरोध करेगा।

4.15 संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी, कार्यकारिणी समिति के समक्ष रखने के लिए क्षेत्रीय समिति की सिफारिशों को अभातशिप मुख्यालय अग्रेषित करते समय यह सत्यापित करेगा कि संवीक्षा समिति, विशेषज्ञ दौरा समिति तथा क्षेत्रीय समिति द्वारा, इन विनियमों और अनुमोदन प्रक्रिया के अंतर्गत निर्दिष्ट प्रक्रियाओं और मापदण्डों का अनुपालन किया गया है।

अभातशिप मुख्यालय में सम्बन्धित ब्यूरो भी संवीक्षा समिति, विशेषज्ञ दौरा समिति तथा क्षेत्रीय समिति द्वारा विनियमों और अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका के अन्तर्गत निर्दिष्ट प्रक्रियाओं और मापदण्डों के अनुपालन किये जाने के सम्बन्ध में सत्यापन करेगा।

4.16 क्षेत्रीय समिति की सिफारिशें अभातशिप की कार्यकारिणी समिति के समक्ष रखी जाएंगी। कार्यकारिणी समिति, क्षेत्रीय समिति की सिफारिशों पर विचार करने तथा एक शपथ--पत्र के साथ राशि जमा कर दिए जाने की पुष्टि करने के उपरान्त अनुमोदन की मंजूरी अथवा अन्यथा के लिए अपनी बैठक में निर्णय लेगी।

IndiaCode

4.17 परिषद्, स्वयं को इस बात से संतुष्ट कर लेने के पश्चात् कि आवेदक उसके द्वारा निर्दिष्ट सभी मानकों और सन्नियमों की पूर्ति करता है, अपेक्षित अनुमोदन की मंजूरी प्रदान करेगी।

4.18 इसके पश्चात्, कार्यकारिणी समिति के निर्णय के आधार पर अभातशिप द्वारा अभिहित प्राधिकारी द्वारा दो वर्षों के अंदर कार्यक्रम शुरू करने हेतु अनुमोदन पत्र अथवा अस्वीकृति पत्र जारी किया जाएगा।

तथापि संस्थानों/कौशल ज्ञान प्रदाताओं (एस.के.पी.) को प्रत्येक वर्ष अनुमोदन में विस्तार की अनुमति लेनी होगी।

4.19 परिषद् द्वारा किसी संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) को कोई सशर्त अनुमोदन प्रदान नहीं किया जाएगा।

4.20 संस्थाएं और कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.), जिन्हें राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा अर्हता ढांचे (एन.वी.ई.क्यू.एफ.) के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा, सामुदायिक महाविद्यालय पाठ्यक्रम तथा कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) के संचालन हेतु अनुमोदन पत्र प्रदान किया गया है, न्यूनतम अर्हताओं तथा वेतनमान के सम्बन्ध में बनाई गई नीति, परिषद् द्वारा निर्दिष्ट मानकों के अनुसार, शिक्षण कर्मियों/समन्वयक तथा प्राचार्य/निदेशक (यथा प्रकरण) और अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका में निर्दिष्ट अनुसूची के अनुसार अन्य तकनीकी सहायक स्टाफ और प्रशासनिक स्टाफ की नियुक्ति का अनुपालन करेंगी।

अल्पसंख्यक संस्थाओं को छोडकर, शेष सभी संस्थाएं शिक्षण कर्मियों/समन्वयक/प्राचार्य/निदेशक तथा अन्य तकनीकी सहायक स्टाफ और प्रशासनिक स्टाफ की नियुक्ति पूर्णतयः सम्बन्धित संबद्धक विश्वविद्यालय/तकनीकी बोर्ड की पद्धति तथा प्रक्रिया (विशेषतयः चयन प्रक्रिया एवं चयन समिति के सम्बन्ध में) के अनुरूप ही करेंगी।

स्टाफ की इन नियुक्तियों के बारे में सूचना, निर्धारित प्रपत्र पर अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका में निर्दिष्ट अनुसूची के अनुसार अभातशिप के वेब–पोर्टल पर भी अपलोड की जाएगी।

किन्हीं भी परिस्थितियों में शिक्षण कर्मियों तथा अन्य स्टाफ की अपेक्षित नियुक्ति किए बिना, संस्थाएं और/अथवा कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) अनुमोदित पाठ्यक्रम शुरू नहीं करेंगे।

4.21 इन विनियमों के खंड 4.1 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का प्रक्रमण अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका में विनिर्दिष्ट पद्धतियों, मानकों एवं सन्नियमों तथा अनुसूची के अनुसार परिषद् द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किए गए अनुसार किया जाएगा।

4.22 आवेदक संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) के नाम का इस प्रकार प्रयोग नहीं करेंगे कि संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) के नाम का संक्षिप्त रूप आईआईएम अथवा आईआईटी अथवा आईआईएससी अथवा एनआईटी अथवा एआईसीटीई अथवा यूजीसी अथवा एमएचआरडी अथवा जीओआई बनता हो। आवेदक सरकार, भारत, भारतीय, राष्ट्रीय, अखिल भारतीय, अखिल भारतीय परिषद्, आयोग शब्द (ओं) का अथवा संप्रतीक और नाम (अनुचित प्रयोग का

निवारण) अधिनियम, 1950 के अंतर्गत निषिद्ध अन्य नामों का प्रयोग संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) के नाम में कहीं भी नहीं करेगा। परंतु यह भी कि, उपर्युक्त प्रतिबंध उस दशा में लागू नहीं होंगे, यदि संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) भारत सरकार द्वारा स्थापित की गई है अथवा इसका नाम भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है।

4.23 किसी भीं स्थिति में अभातशिप के पूर्व अनुमोदन प्राप्त किए बिना तथा संबंधित विश्वविद्यालय/बोर्ड की सम्बद्धता प्राप्त किए बिना, किसी भी संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) को काऊसलिंग तथा प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेने तथा विद्यार्थियों को प्रवेश देने की अनुमति नहीं होगी।

4.24 संबद्धक विश्वविद्यालय ऐसी संस्थाओं/कौशल ज्ञान प्रदाताओं (एस.के.पी) में दाखिल विद्यार्थियों का नामांकन नहीं करेगा, जिनके पास परिषद् का अपेक्षित अनुमोदन नहीं है।

4.25 संबंधित केन्द्रीय/राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन परिषद् के अपेक्षित अनुमोदन के बिना किसी संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) को विद्यार्थियों के दाखिले के लिए अनुमति नहीं देगी।

4.26 आवेदक प्रवर्त्तकों/संस्थाओं/कौशल ज्ञान प्रदाताओं (एस.के.पी.) से परिषद् को विभिन्न प्रयोजनों के लिए अपेक्षित जानकारी तथा दस्तावेज सही तथा पूर्ण प्रदान करने की अपेक्षा की जाती है। यदि, दी गई जानकारी अथवा परिषद् को प्रदान किए गए दस्तावेज गलत, अपूर्ण पाए जाते हैं, और/अथवा आवेदक संस्थाएं/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) वास्तविक जानकारी को प्रकट करने में असफल रहते हैं और/अथवा उन्होंने जानकारी छिपाई है/उसका गलत निर्वचन किया है, तो परिषद् इस संबंध में कार्रवाई करेगी, जिसमें अनुमोदन वापस लेना और/अथवा ऐसी अन्य कार्रवाई करना शामिल है, जो, आवेदक संस्थाओं/कौशल ज्ञान प्रदाताओं (एस.के.पी.) के विरूद्ध किए जाने के लिए आवश्यक समझी जाए।

4.27 अभातशिप, ऐसे मामलों में, जहां दस्तावेजों के गलत होने, गलत निर्वचन किए जाने, मानकों और सन्नियमों के उल्लंघन, कदाचार की विशिष्ट शिकायतें हैं, तारीखों को अधिसूचित करके अथवा इसके बिना, समय-समय पर निरीक्षण भी कर सकेगी तथा उपयुक्त कार्रवाई कर सकेगी, जिसमें अनुमोदन वापस लेना तथा ऐसी अन्य कार्रवाई शामिल है, जो, यथा प्रकरण, आवेदक संस्थाओं/कौशल ज्ञान प्रदाताओं (एस.के.पी.) के विरूद्ध किए जाने के लिए आवश्यक समझी जाए।

4.28 संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के पास जमा की गई राशि को दस वर्ष की अवधि के पश्चात् ही वापिस लिए जाने की अनुमति दी जाएगी तथापि, किसी मानक, शर्त और अपेक्षा के किसी उल्लंघन और/अथवा संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) द्वारा गैर-निष्पादन और/अथवा संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) के विरूद्ध शिकायतों के मामले में, जमा की अवधि, मामला-दर-मामला आधार पर यथानिर्णित, आगे और अवधि के लिए बढ़ाई जा सकती है और/अथवा उसे जब्त किया जा सकता है।

4.29 इन विनियमों के खण्ड 4.1 के अधीन अनुमोदन की मंजूरी से इंकार किए जाने के मामले में, ऐसी संस्थाओं/कौशल ज्ञान प्रदाताओं (एस.के.पी.) से इन विनियमों के खण्ड 4.1 में ऊपर उल्लिखित किसी प्रयोजन के लिए अनुमोदन हेतु प्राप्त किसी आवेदन पर तब तक विचार नहीं किया जाएगा, जब तक ऐसी कार्रवाई का निपटारा न कर लिया गया हो तथा संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) को उल्लंघनों के आरोपों से मुक्त न कर दिया गया हो।

4.30 संबद्धक विश्वविद्यालय/तकनीकी बोर्ड ऐसी संस्थाओं/कौशल ज्ञान प्रदाताओं (एस.के.पी.) के छात्रों को, जिनके कार्यक्रमों/पाठ्यक्रमों को परिषद् द्वारा समाप्त कर दिया गया है अथवा जिनका अनुमोदन वापस ले लिया गया है अथवा जिन्हें निलंबित कर दिया गया है, उसके साथ संबद्ध अन्य निकटवर्ती अभातशिप अनुमोदित संस्थाओं/कौशल ज्ञान प्रदाताओं (एस.के.पी) में स्थानान्तरित करेगा और परिषद् स्थानान्तरित हुए छात्रों को, उनके कार्यक्रमों/पाठ्यक्रमों की समाप्ति तक, ऐसी संस्थाओं में उपयुक्त रूप से खपाने के लिए ऐसी संस्थाओं में अतिरिक्त सीटों की अनुमति देगी।

4.31 परिषद् के अनुमोदन के बिना कार्यक्रम/पाठ्यक्रम प्रदान करने वाली किसी भी संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) को गैर–अनुमोदित घोषित किया जाएगा, यदि वह:

क) परिषद् के अनुमोदन के बिना आरंभ हुई है।
ख) किसी अस्थायी स्थान/या ऐसे स्थान पर कार्य कर रही है, जिसे परिषद् द्वारा अनुमोदन नहीं दिया गया है।
ग) परिषद् द्वारा "गैर–अनुमोदित" घोषित की गई है।

परंतु आगे यह भी कि, अस्थायी स्थानों/परिषद् द्वारा गैर–अनुमोदित स्थानों पर शिक्षा में पाठ्यक्रम/कार्यक्रम संचालित करने वाली संस्थाएं/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) उन्हें बंद किए जाने के लिए कार्रवाई की दायी होंगे, जिसमें, दोषी सोसाइटियों/न्यासों/ कंपनियों/सहयोजित व्यक्तियों के विरूद्ध, यथा प्रकरण, उपयुक्त कार्रवाई भी शामिल है।

5. अपीलीय समिति के समक्ष अपील

5.1 परिषद् की कार्यकारिणी समिति के निर्णय से व्यथित किसी संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) को अपीलीय समिति के समक्ष केवल एक बार अपील करने की अनुमति होगी। अपीलीय समिति का गठन अध्यक्ष, अभातशिप द्वारा किया जाएगा।

5.2 परिषद् का एक अधिकारी अपीलीय समिति के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत करेगा। संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) के एक प्रतिनिधि को अपीलीय समिति के समक्ष संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

5.3 अपीलीय समिति की सिफारिशें अभातशिप की परिषद् के समक्ष रखी जाएंगी, जिसका निर्णय अंतिम होगा।

5.4 परिषद् का निर्णय, अनुमोदन पत्र अथवा अस्वीकृति पत्र के रूप में अथवा एक उपयुक्त संप्रेषण के रूप में, आवेदक को सूचित किया जाएगा। प्रस्ताव की अस्वीकृति के मामले में, आवेदनकर्ता इस बात के लिए स्वतंत्र होगा कि वह नया आवेदन कर सकता है।

6. भूमि की आवश्यकता

किसी शिक्षण संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) की प्रवर्त्तक सोसाइटी/न्यास/कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अधीन स्थापित की गई कंपनी के पास अपने विधिसम्मत कब्जे में, प्रवर्त्तक सोसाइटी/न्यास/कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अधीन स्थापित की गई कंपनी के नाम पर प्रस्ताव जमा करने की तिथि तक या उससे पूर्व, स्पष्ट हक के साथ, यथाअपेक्षित और निर्दिष्ट भूमि होनी चाहिए।

परंतु यह भी कि, प्रवर्त्तक सोसाइटी/न्यास/कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अधीन स्थापित की गई कंपनी की प्रस्तावित संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) के लिए यह बात खुली होगी कि वह केवल अनुमोदन पत्र की प्राप्ति के पश्चात् ही उस भूमि पर स्थित शिक्षण संस्थान/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) के विकास के प्रयोजनार्थ संसाधन जुटाने के लिए उस भूमि को गिरवी रख सकेगी।

7. निदेशक/प्राचार्य और समन्वयक तथा संकाय सदस्यों के संबंध में जानकारी

सभी शिक्षण संस्थाएं/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) उनके निदेशक/प्राचार्य/समन्वयक और संकाय सदस्यों के संबंध में जानकारी परिषद् के वेब–पोर्टल पर उपलब्ध प्रपत्र में अपलोड करेंगे तथा समय–समय पर इस सूचना का अद्यतन करते रहेंगे।

8. निर्वचन

इन विनियमों के निर्वचन के संबंध में उठने वाले किसी भी प्रश्न का निर्णय परिषद् द्वारा किया जाएगा तथा परिषद् का निर्णय अंतिम तथा बाध्यकारी होगा।

9. छूट देने की शक्ति

परिषद् अपवादस्वरूप मामलों में, किसी कठिनाई के निवारण के लिए अथवा ऐसे अन्य कारणों से जिन्हें लिखित में अभिलेखित किया जाएगा, संस्था तथा/अथवा कौशल ज्ञान प्रदाता के किसी भी वर्ग अथवा श्रेणी के संबंध में इन विनियमों के किसी भी उपबंध में छूट दे सकेगी।

10. अनुमोदन वापस लेना

यदि कोई संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) इन विनियमों के उपबंधों में से किसी का उल्लंघन करते हैं, तो परिषद्, ऐसी जांच करने के पश्चात, जो यह उपयुक्त समझे तथा संबंधित संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) को सुने जाने का अवसर देने के पश्चात् इन विनियमों के अंतर्गत प्रदान किए गए अनुमोदन को वापस ले सकेगी।

11. शास्ति

इन विनियमों के उल्लंघन करते हुए चल रही एन.वी.ई.क्यू.एफ. के अधीन शिक्षा/कौशल प्रशिक्षण देने हेतु संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) विधिक सिविल कार्रवाई के लिए दायी होंगे, जिसमें अनुमोदन, यदि कोई है, को वापस लिया जाना और/अथवा परिषद् द्वारा, इसके और/अथवा इसकी प्रवर्त्तक सोसाइटी/न्यास/खण्ड (25) के अधीन कंपनी तथा व्यक्तियों/अन्य सहयोजित के विरूद्ध यथा प्रकरण, विधिक आपराधिक कार्रवाई भी शामिल है।

परंतु यह और भी कि, यदि कोई संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) इन विनियमों के किसी भी उपबंध का उल्लंघन करते हैं, तो परिषद् ऐसी जांच करके, जो यह उपयुक्त समझे तथा संबंधित संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.), को मामले को स्पष्ट करने का अवसर प्रदान करने के पश्चात, नीचे निर्दिष्ट, यथा प्रकरण, कोई एक अथवा सभी कार्रवाईयां कर सकेगी।

12. विनियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई

12.1 व्यावसायिक शिक्षा के कोई भी कार्यक्रम चलाने वाली संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) यदि किसी विनियम का उल्लंघन करते हैं तो वे उपयुक्त दण्डिक सिविल कार्रवाई आरंभ करने हेतु दायी होंगे, जिसमें अनुमोदन, यदि कोई है को वापस लिया जाना और तथा/अथवा परिषद् द्वारा दोषी सोसायटी/कंपनी/सहयोजित व्यक्तियों तथा/अथवा संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) के विरूद्ध यथा प्रकरण आपराधिक कार्रवाई भी शामिल है।

परंतु यह कि यदि कोई संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) इन विनियमों के उपबंधों में से किसी का उल्लंघन करते है, तो परिषद्, ऐसी जांच करने के पश्चात्, जो यह उपयुक्त समझे तथा संबंधित संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) को सुने जाने का अवसर देने के पश्चात् इन विनियमों के अंतर्गत संबंधित संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) को प्रदान किए गए अनुमोदन को वापस ले सकेगी।

परंतु यह भी कि, अनुमोदन वापसी के ऐसे मामलों में, वर्णित संस्था/ कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) अनुमोदन वापसी की तिथि से, दो शैक्षणिक वर्ष पूरे हो जाने से पहले नहीं चलाई जा सकेगी।

परंतु यह भी कि, अनुमोदन वापस लिए गए संस्थान/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) में प्रवेश ले चुके विद्यार्थियों को संबंधित राज्य सरकार द्वारा संबद्धता

प्रदान करने वाले विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड के क्षेत्राधिकार में आने वाली अन्य संस्थाओं/कौशल ज्ञान प्रदाताओं को पुनः आबंटित किया जाएगा।

ऐसी संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) जिसका अनुमोदन वापस ले लिया गया है, उस संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी) का अनुमोदन राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा अहर्ता ढांचे (एन.वी.ई.क्यू.एफ.) के अधीन पाठ्यक्रम चलाने हेतु निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही बहाल किया जाएगा।

12.2 अधिक प्रवेश

किसी भी परिस्थिति में स्वीकृत सीट संख्या से अधिक प्रवेश देने की अनुमति नहीं होगी। यदि परिषद् को अधिक प्रवेश की सूचना दी जाती है/परिषद् द्वारा यह पाया जाता है, तो संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) के विरूद्ध उपयुक्त दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) परिषद् द्वारा निम्न दण्डात्मक कार्रवाईयों में से किसी एक अथवा अधिक के दायी होंगे :–

1. प्रत्येक अधिक प्रवेश के लिए प्रति छात्र वसूले गये कुल अधिक प्रवेश शुल्क (फीस) का पांच गुणा
2. एक शैक्षणिक वर्ष के लिए एक/अधिक व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों में प्रवेश नहीं (नो एडमिशन) स्थिति
3. व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम अथवा कौशलों के लिए अनुमोदन वापस लेना
4. संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) के अनुमोदन को वापस लेना।

12.3 अधिक लिए गए प्रवेश शुल्क की राशि को परिषद् द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसार "सदस्य–सचिव, अभातशिप" को जमा किया जाएगा।

12.4 अहर्ता प्राप्त संकाय की पूर्ति न किया जाना

ऐसी संस्थाएं जिनके पास अहर्ता प्राप्त संकाय नहीं होगा वह परिषद् द्वारा निम्नलिखित दण्डात्मक कार्रवाई के लिए पात्र होंगी।

1. एक शैक्षणिक वर्ष के लिए प्रवेश नहीं (नो एडमिशन) की स्थिति

12.5 कम्प्यूटर, सॉफ्टवेयर, प्रयोगशाला उपस्करों, पुस्तकों, जर्नलों, पुस्तकालय सुविधाओं इत्यादि की अपेक्षाओं की पूर्ति न किया जाना

जो संस्थाएं/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) विशिष्ट कौशलों हेतु अपेक्षित यथानिर्दिष्ट कम्प्यूटर, सॉफ्टवेयर, प्रयोगशाला उपस्करों, पुस्तकों, जर्नलों एवं पुस्तकालय सुविधाओं इत्यादि की पूर्ति नहीं करेंगे, वे परिषद् द्वारा निम्न दण्डात्मक कार्रवाईयों में से किसी एक अथवा अधिक के लिए दायी होंगे :–

1. एक शैक्षणिक वर्ष के लिए एक/अधिक व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों/कौशलों में प्रवेश नहीं (नो एडमीशन) स्थिति
2. व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम अथवा कौशलों के लिए अनुमोदन वापस लेना
3. संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) के अनुमोदन को वापस लेना।

2495 GI/12–4

12.6 संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) हेतु अतिरिक्त अनिवार्य अपेक्षाओं की पूर्ति न किया जाना

जो संस्थाएं/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) निर्दिष्ट अपेक्षाओं की पूर्ति नहीं करेंगे, वे परिषद् द्वारा निम्नलिखित दण्डात्मक कार्रवाई के लिए दायी होंगे :–

1. एक शैक्षणिक वर्ष के लिए एक/अधिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं (नो एडमीशन) स्थिति

12.7 निर्मित क्षेत्र की पूर्ति न करना

जो संस्थाएं/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) निर्दिष्ट निर्मित क्षेत्र की अपेक्षाओं की पूर्ति नहीं करेंगे, वे परिषद् द्वारा निम्न दण्डात्मक कार्रवाईयों में से किसी एक अथवा अधिक के लिए दायी होंगे :–

1. एक शैक्षणिक वर्ष के लिए एक/अधिक व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों अथवा कौशलों में प्रवेश नहीं (नो एडमीशन) स्थिति
2. व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम अथवा कौशलों के लिए अनुमोदन वापस लेना
3. संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाताओं (एस.के.पी.) के अनुमोदन को वापस लेना।

12.8 धन–वापसी के मामले

(क) प्रवेश के रद्द होने पर फीस की वापसी के बारे में अभातशिप के दिशा–निर्देशों का पालन न करने वाली अथवा धन- वापसी में देरी करने वाली संस्थाएं/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) परिषद् द्वारा निम्न दण्डात्मक कार्रवाईयों में से किसी एक अथवा अधिक के लिए दायी होंगे :–

1. शुल्क (फीस) की वापसी न किये जाने के प्रत्येक मामले के लिए प्रति छात्र से वसूले गए कुल शुल्क के दो गुणा के समकक्ष का जुर्माना वसूल किया जाएगा
2. एक शैक्षणिक वर्ष के लिए एक/अधिक व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों अथवा कौशलों में प्रवेश नहीं (नो एडमिशन) स्थिति
3. व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम अथवा कौशलों हेतु अनुमोदन की वापसी
4. संस्था/कौशल ज्ञान प्रदाता (एस.के.पी.) के अनुमोदन को वापस लेना।

(ख) शुल्क वापसी न किये जाने पर दण्ड की राशि को परिषद् द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसार "सदस्य–सचिव, अभातशिप" को जमा किया जाएगा।

डॉ. के. पी. आइजैक, सदस्य-सचिव

[विज्ञापन III/4/असा./162/12]

IndiaCode

ALL INDIA COUNCIL FOR TECHNICAL EDUCATION

NOTIFICATION

New Delhi, the 4th December, 2012

All India Council for Technical Educatian [Grant of Approval for cnnducting Vacatianal Education Program, Community Callege caurse(s) and Skill Knowledge Pravider under National Vocatianal Educatian Qualificatinn Framework] Regulations, 2012

F. No. 37-3/Legal/AICTE/2012.--In exercise of it's powers cnnferred under sub-section (1) of Section 23 read with Section 10 of the All India Cnuncil fnr Technical Education Act, 1987 (52 of 1987) the All India Council for Technical Education (AICTE) makes the following Regulations :—

1			**Short Title , Application and Commencement:**
	1.1		These Regulations may be called the All India Council for Technical Education **(Grant of Approval for canducting Vocational Education Program, Community Collegc coursc[s] and Skill Knowledge Provider under National Vocational Educatian Qualification Framework)** Regulations, 2012.
	1.2		They shall apply to Institutions already approved by the All India Council for Technical Education and/or seeking approval of the All India Council for Technical Education for conducting Vocational Education Program, Community College courses and to act as the Skill Knowledge Provider under National Vocational Education Qualificatinn Framework, as notified by the Council from time to time.
	1.3		They shall come into force with effect from the date of their publication in the Official Gazette.
2			**Definitions:**
